तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 7 दिसम्बर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 अवैध धान भंडारण : 200 क्विंटल जब्त



## खबर संक्षेप

### राज्यव्यापी शिक्षार्थी आंकलन महापरीक्षा आज

**अम्बिकापुर।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के तत्वावधान में राज्यव्यापी शिक्षार्थी आंकलन महापरीक्षा अभियान का आयोजन 7 को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। महापरीक्षा की तैयारियों को लेकर कार्यालय जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण, सरगुजा में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव, जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण डॉ. दिनेश कुमार झा द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि सरगुजा जिले के लिए 24414 परीक्षार्थियों को साक्षर करने का लक्ष्य निर्धारित है। जिला परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता ने बताया कि जिले में 466 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। 200 घंटे की पढ़ाई पूर्ण करने वाले सभी शिक्षार्थी प्रातः 10 से सायं 5 बजे के बीच किसी भी समय परीक्षा देने आ सकते हैं। 15 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे शिक्षार्थियों को शामिल किया जाएगा, जो शिक्षा की मुख्यधारा से कटे हुए हैं या पूर्व में विद्यालय त्याग चुके हैं। परीक्षा केन्द्रों में पेन उपलब्ध कराया जाएगा। प्रश्न पत्र तीन भागों कृ पढ़ना, लिखना, गणित में विभाजित होगा। प्रत्येक भाग 50 अंकों का होगा एवं प्रत्येक में न्यूनतम 20 अंक अर्जित करना अनिवार्य है। प्रश्न हल करने के लिए 3 घंटे का समय दिया जाएगा।

### दो वाहन सहित 192 बोरी धान जब्त

**अम्बिकापुर।** अधिकारियों की संयुक्त टीम ने वाड्रफनगर तहसील अंतर्गत बलंगी में पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश का अवैध धान परिवहन करने के मामले में दो वाहनों सहित 160 बोरा धान जब्त किया है। टीम ने एक अन्य मामले में ग्रामीण के घर से 32 बोरा अवैध धान जब्त किया है। बलंगी के रास्ते कोचिए समिति में खपाने के उद्देश्य से पिकअप में 40 बोरा यूपी का धान परिवहन कर रहे थे। टीम ने पिकअप रोककर जांच की तो धान अवैध मिला। धान लोड पिकअप को जब्त कर बलंगी पुलिस के सुपुर्द किया गया है। इसी तरह संयुक्त दल ने रामानुजगंज तहसील अंतर्गत ग्राम तालकेश्वर में 120 बोरी अवैध धान परिवहन करते एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। कुसमी तहसील अंतर्गत ग्राम इद्रीकला निवासी संकृत गुप्ता के घर में संग्रहित 32 बोरी अवैध धान को संयुक्त टीम ने जब्त किया है।

### व्यवसायी के गोदाम से 150 बोरी अवैध धान जब्त

**प्रतापपुर।** क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रही धान की कालाबाजारी पर प्रशासन द्वारा लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में प्रशासनिक टीम ने गोदाम में स्टॉक रखने वाले महामाया कृषि सेवा केंद्र नवाडीह संचालक सुनील गुप्ता द्वारा लगभग 150 बोरी धान का अवैध भंडारण किया गया था जिसे जब्त किया। कार्रवाई में फूड अधिकारी शशि जायसवाल, नायब तहसीलदार सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। कार्रवाई से क्षेत्र में हो रही धान की कालाबाजारी करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

### ग्राम सपहा में गोंगपा का आंदोलन जारी

**बिहारपुर।** ग्राम सपहा में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का अनिश्चितकालीन आंदोलन 6वें दिन भी जारी रहा। ग्राम पंचायत भवन के सामने कार्यकर्ता और ग्रामीण धरना दे रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने तहसील कार्यालय में पदस्थ लिपिक उमेश तिवारी, पटवारी ऋतुराज सिंह एवं भारत राम पैकरा पर किसानों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया तथा उन्हें हटाने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पिछले कई महीनों से किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है तथा उनके साथ मनमानी किया जा रहा है। मामले में कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से की थी। मंत्री के निर्देश पर 14 नवंबर को जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया, लेकिन किसानों को न्याय नहीं मिला। मामले में गोंगपा ने रैली निकालकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा था। तहसीलदार ने 15 दिनों में मांग पूरी करने का आश्वासन दिया था लेकिन अब तक स्थिति यथावत है।

# सरगुजा में फिर शुरू हुआ शीतलहर का प्रकोप, पारा पहुंचा 5 डिग्री के नीचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पिछले पांच दिनों से लगातार चल रही पश्चिमोत्तर की ठंडी हवाएं
- फिलहाल राहत मिलने की नहीं संभावना

पश्चिम एवं पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के प्रभाव से शहर सहित पूरे संभाग में कड़ाके की ठंड पड़ रही है तथा एक बार फिर शीत लहर का प्रकोप शुरू हो गया है। सर्द हवाओं के प्रभाव से मैदानी इलाकों का तापमान 5.0 डिग्री के नीचे पहुंच गया है। मौसम विज्ञानी आगामी दिनों में तापमान में और अधिक गिरावट होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

दिसम्बर का महीना शुरू होते ही ठंड ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। नवम्बर में शीतलहर के प्रभाव से रिकॉर्ड ठंड पड़ने के बाद खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती तूफान के सक्रिय होने के कारण ठंड से कुछ राहत मिली थी। तूफान की सक्रियता से बादलों की आवाजाही एवं वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण बढ़ने के कारण ठंड से कुछ राहत मिली थी लेकिन जैसे ही तूफान का असर खत्म हुआ फिर से पश्चिम एवं पश्चिमोत्तर की हवाएं चलने लगी। पश्चिम एवं पश्चिमोत्तर की हवाएं अपने साथ हिमालय के बर्फ की ठंडक लेकर पहुंच रही हैं जिससे 2 सितम्बर से ही लगातार पारा में गिरावट हो रही है तथा शनिवार को तापमान 4.6 डिग्री पहुंच गया है। फिलहाल कोई ताकतवर मौसमी घटक सक्रिय नहीं है। उत्तर भारत में एक कमजोर पछुआ विक्षोभ सक्रिय है। एक दूसरा विक्षोभ भी उत्तर भारत की ओर अग्रसर है।



विक्षोभ के कमजोर होने के कारण फिलहाल इसका प्रभाव ठंड पर पड़ने की संभावना नहीं है। विक्षोभ के प्रभाव से शुक्रवार को ऊपरी स्तर के बादलों की आवाजाही जारी रही लेकिन सर्द हवा के प्रवाह पर इसका प्रभाव नहीं पड़ा है। मौसम विज्ञानी निचले स्तर के बादलों की आवाजाही बढ़ने पर ठंड से कुछ राहत मिलने की संभावना जता रहे हैं।

क्षेत्र में शीतलहर का प्रकोप बढ़ने के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है तथा लोग सर्दी-खांसी सहित अन्य शीत जनित रोगों से प्रभावित हो रहे हैं। कड़ाके की ठंड पड़ने के कारण शाम ढलते ही सड़के सूनी हो जाती हैं तथा सुबह धूप निकलने के बाद ही लोग अपने घरों से बाहर निकल रहे हैं। सर्द हवाओं के प्रभाव से दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था जो शनिवार को गिरकर 24.2 डिग्री पहुंच गया है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि लगातार चल रही पश्चिम एवं पश्चिमोत्तर हवाओं के प्रभाव से तापमान में तेज गिरावट हुई है। उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से फिलहाल ठंड से राहत की संभावना नहीं है। विक्षोभ के प्रभाव से निचले स्तर के बादलों की आवाजाही होने पर तापमान में कुछ वृद्धि होने की संभावना है।

### ऐसे गिर रहा तापमान

| तिथि | न्यूनतम पारा | अधिकतम पारा |
|---|---|---|
| 1 दिसम्बर | 10.4 | 25.0 |
| 2 दिसम्बर | 9.4 | 26.8 |
| 3 दिसम्बर | 7.8 | 26.2 |
| 4 दिसम्बर | 6.9 | 25.5 |
| 5 दिसम्बर | 7.4 | 25.8 |
| 6 दिसम्बर | 4.6 | 24.2 |

### मैनपाट में गिरा पाला

उत्तर की बर्फीली हवाओं के प्रभाव से छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट का पारा 4.0 डिग्री पहुंच गया है। यही स्थिति बलरामपुर जिलान्तर्गत पठारी क्षेत्र स्थित सामरी पाट एवं लहसुन पाट का है। मैदानी क्षेत्रों के तापमान में वृद्धि होने के बावजूद पिछले पांच दिनों से मैनपाट का पारा 5.0 डिग्री पर स्थिर था। शनिवार को मैनपाट का न्यूनतम तापमान 4.0 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। ठंड बढ़ने के कारण शाम ढलते ही पठारी क्षेत्रों में सन्नाटा छा जा रहा है। शनिवार को सुबह ओस की बूंदें जमने के कारण खेत खलिहानों में पाला की सफेद चादर बिछ गई थी। पश्चिमोत्तर की तेज हवाएं चलने के कारण दिन में धूप निकलने के बावजूद ठंड से राहत नहीं है जिसके कारण दिन में भी लोग अलाव का सहारा ले रहे है।

#### घने कोहरे से आवागमन प्रभावित

ठंड बढ़ने के साथ ही रात में घना कोहरा छाने से आवागमन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। बीती रात मैदानी क्षेत्रों में घना कोहरा छाने के कारण वाहनों की रफ्तार प्रभावित रही। बनारस, रायपुर सहित अन्य दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाली यात्री बसों सहित अन्य वाहनों ने धीमी रफ्तार से सफर पूरा किया तथा घंटों विलम्ब से अपने गंतव्य पर पहुंची। मौसम विज्ञानी पारा में गिरावट होने के साथ ही घना कोहरा छाए रहने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

## पुलिस ने शिकायत के बाद भी नहीं लिखी एफआईआर

# महिला व नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, महिला ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**
- आईजी ने थाना प्रभारी को किया लाइन अटैच, एएसआई निलंबित
- सनावल थाना का मामला

महिला और उसकी नाबालिग भतीजी से सामूहिक दुष्कर्म करने और महिला द्वारा आत्महत्या करने के बाद भी एफआईआर दर्जज़ नहीं करने पर आईजी ने गंभीरता से लिया है। शिकायत की जांच के बाद आईजी ने जांचकर्ता एएसआई को निलंबित कर दिया है जबकि थाना प्रभारी को लाइन अटैच कर दिया है। इसके साथ ही एएसपी बलरामपुर को इस मामले की जांच के निर्देश दिए है। पूरा मामला बलरामपुर जिले के सनावल थाना क्षेत्र का है।

बताया जा रहा है कि 7 सितंबर को एक 25 वर्षीया विवाहिता अपनी 14 साल की भतीजी के साथ लकड़ी लेने के लिए जंगल गई हुई थी इस दौरान जंगल में मौजूद झारखंड निवासी सैयद अली, फैयाज अंसारी और सोनू अंसारी ने जंगल में महिला और उसकी नाबालिग भतीजी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं आरोपियों ने महिला और उसकी भतीजी को धमकाया कि अगर उन्होंने घटना की जानकारी किसी को दी तो जान से मार देंगे। वारदात के बाद आरोपी जंगल से भाग निकले जबकि महिला और उसकी भतीजी किसी तरह घर पहुंचे। परिजन का कहना है कि घटना के बाद महिला सदमे में थी और 7 सितंबर की रात को ही उसने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के बाद मामले में सनावल पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया था।




#### जांच के बाद होगी कार्रवाई

सनावल थाना क्षेत्र का प्रकरण है जिसमें 3 माह पूर्व महिला ने आत्महत्या की थी। इस मामले में जांचकर्ता अधिकारी ने लापरवाही की है। सामूहिक दुष्कर्म के साथ ही आत्महत्या के मामले में अपराध कायम किया गया है। प्रथम दृष्टया थाना प्रभारी और जांचकर्ता अधिकारी की लापरवाही पाई गई है। एएसआई को निलंबित व थाना प्रभारी को लाइन अटैच किया गया है। एएसपी इस मामले की जांच कर रहे है जांच के बाद आगे और भी कार्रवाई होगी।

-दीपक झा, आईजी

### पति लौटा तो खुला मामला

परिजन का कहना है कि महिला का पति काम करने के लिए मध्यप्रदेश के जबलपुर गया हुआ था। पत्नी के मौत की जानकारी मिलने के बाद वह घर लौटा इसके बाद महिला का अंतिम संस्कार हुआ। इधर बाद में पता चला कि महिला और नाबालिग के साथ तीन युवकों ने गैंगरेप किया था जिसके बाद परिजन ने मामले की जानकारी सनावल पुलिस को दी लेकिन इतने गंभीर मामले को पुलिस ने गंभीरता से नही लिया और न ही एफआईआर तक दर्ज की।

#### पिता ने लगाया हत्या का आरोप

महिला व नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं करने के बाद मृतिका के परिजन न्याय के लिए भटक रहे थे। इस दौरान मृतिका के पिता ने भी एसडीओपी रामानुजगंज को मामले की शिकायत की। पिता ने आरोप लगाया था कि झारखंड के तीन युवकों ने उसकी बेटी को फोन कर जंगल में बुलाया और गैंगरेप किया। इसके बाद उन्होंने ने उसकी हत्या कर दी।

#### जांच के बाद आईजी के निर्देश पर एफआईआर

न्याय के लिए भटक रहे परिजन ने मामले की शिकायत नवंबर महीने में आईजी दीपक कुमार झा से की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आईजी ने मामले की जांच कराई तो घटना की पुष्टि हुई जिसके बाद आईजी के निर्देश पर सनावल थाना में 3 दिसंबर को सामूहिक दुष्कर्म और आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज किया गया है। इसके साथ ही इस मामले में झारखंड के कुसुमियादागर निवासी सैयद अली (21 वर्ष), फैयाज अंसारी (22 वर्ष) और सोनू अंसारी (30 वर्ष) के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया। जांच में लापरवाही पर आईजी के निर्देश पर एएसआई रोशन लकड़ा को निलंबित करने के साथ ही थाना प्रभारी सनावल गजपति मिर्रे को लाइन अटैच कर दिया गया है। वहीं आईजी ने इस मामले की जांच का जिम्मा एएसपी बलरामपुर को दिया है जांच के बाद अन्य पर भी कार्रवाई की जाएगी।



# अमेरा खदान मामले में ग्रामीण भाजपा-एसईसीएल की बैठक

- ग्रामीणों की मांगों पर सहमति, समाधान हेतु 7 दिसंबर को होगी संयुक्त बैठक

**अम्बिकापुर।** अमेरा खुली खदान क्षेत्र में विगत दिनों पुलिस और ग्रामीणों के बीच हुए पथराव तथा विपक्षियों द्वारा फैलाए गए दुष्प्रचार की पृष्ठभूमि में 6 दिसंबर को ग्राम परसोंड़ी कला में बैठक आयोजित की गई बैठक में ग्रामीण प्रतिनिधि मंडल, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया सहित अन्य पदाधिकारी तथा एससीईएल अमेरा के जीएम संजय कुमार सहित खदान प्रबंधन के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की वास्तविक समस्याओं को समझना, स्थिति को शांत करना तथा उनके समाधान के लिए ठोस रणनीति तैयार करना था। उपस्थित प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की मांगों को विस्तारपूर्वक सुना और समाधान हेतु सहमति बनाई।

बैठक में उठाए गए प्रमुख मुद्दों में जमीन के बदले नौकरी प्रदान करने की नीति में पारदर्शिता लाने और पात्र परिवारों को प्राथमिकता देने, वर्ष 2025 के मुआवजा वितरण को सरल, त्वरित व पारदर्शी बनाने के लिए नई प्रक्रिया विकसित करने, विस्थापन प्रक्रिया को न्यायसंगत, सुव्यवस्थित और ग्रामीण हितैषी बनाने हेतु संयुक्त योजना बनाने का निर्णय लिया गया। हाल में हुए पथराव प्रकरण में ग्रामीणों पर दर्ज मामलों की समीक्षा कर यथासंभव हल कराने का प्रयास करने तथा 7 दिसंबर को गांव के प्रतिनिधि मंडल, मंडल व जिला स्तर के पदाधिकारियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित करने पर सहमति बनी ताकि सभी मुद्दों का एक साथ समाधान खोजा जा सके। जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि ग्रामीणों का हित सर्वोपरि है। समस्याओं के समाधान हेतु सभी जनप्रतिनिधि, खदान प्रबंधन एवं प्रशासन एकजुट होकर कार्य करेंगे, जिससे क्षेत्र में तनाव व भ्रम समाप्त हो और ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि खदान प्रबंधन हर संभव सहयोग करेगा और सभी मुद्दों को प्राथमिकता के साथ हल करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में भाजपा नेता हरपाल सिंह भामरा, मधुसूदन शुक्ला, दिनेश गुप्ता, दिनेश साहू, निलेश सिंह, मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, जन्मेजय मिश्रा, सुभाष अग्रवाल, सुरेंद्र साहू, कामेश्वर राजवाड़े तथा ग्रामीण प्रतिनिधियों में जगत सिंह, राम कुमारी सिंह, भोला राजवाड़े, मोहन राजवाड़े, अनिल राजवाड़े, सुदर्शन मानिकपुरी आदि उपस्थित थे।

# करंट की चपेट में आने से युवक की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

शौच के लिए जा रहा युवक करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार बतौली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत करदना निवासी इस्माईल तिग्गा आ. मंगल तिग्गा (28 वर्ष) शुक्रवार की सुबह लगभग 5 बजे शौच हेतु घर के पीछे दरवाजे से शौचालय में जा रहा था। इस बीच धान मिसाई करने खलिहान में घर से लगाए गए बिजली कनेक्शन के टूटे विद्युत तरंगित तार की चपेट में आ गया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इधर पिता मंगल तिग्गा सवेरे 6 बजे शौच करने बाहर जा रहा था तभी बेटे का शव से टकरा किया जिससे करंट लगने से वह दूर जा गिरा। परिवार के सदस्य बाहर आए और शव को देखा तो उनके होश उड़ गए। सूचना पर एएसआई नारायण सिंह पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर पंचनामा पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



# युवक ने की आत्महत्या, फांसी लगाने से पहले वीडियो बनाकर किया वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- युवकों पर लगाए आरोप, दो पक्षों में हुआ था विवाद

बीती रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले युवक ने अपना एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में वायरल किया है जिसमें उसने तीन लोगों पर घर में घुसकर माता पिता व भाई से गाली गलौज करने, जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि शहर के बौरीपारा शिकारी रोड निवासी परम तिवारी आ. आदित्यनाथ तिवारी पॉलिटेक्निक का छात्र था। युवक पिछले एक डेढ़ साल से परिवार से अलग रहा था और कुछ माह पूर्व ही वह केदारपुर सहेली गली में किराए के मकान में रह रहा था। बीती रात युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव शनिवार को कमरे में पाया गया है। इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही मामले की जांच की जा रही है। वहीं अब तक इस मामले में जो जानकारी आई है उसके अनुसार मृतक का शुक्रवार की शाम झगड़ा विवाद हुआ था। मृतक के पिता का कहना है कि उनका पुराना विवाद चल रहा है और शुक्रवार की शाम जिम से निकलने के बाद उनका विवाद हुआ था जिसके बाद युवक सहित उसके परिजन उसके घर जाकर माता-पिता व छोटे भाई के साथ ही परम तिवारी को जान से मारने की धमकी दी थी। जिसके बाद छोटे भाई ने इसकी सूचना मृतक परम तिवारी को दी थी।



### बताया अपनी मौत का जिम्मेदार

युवक की मौत के साथ ही उसका एक वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में मृतक परम तिवारी ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार की शाम 7 बजे जब वो जिम से बाहर निकला तो उसके मित्र का एक दोस्त मौजूद था। सभी साथ में अग्रसेन चौक पहुंचे विक्रांत व एक अन्य युवक का विवाद हो गया जिसके बाद मृतक परम तिवारी और राजेश ने जाकर उसे बचाया। इसके बाद सभी अपने अपने घर चले गए। युवक का आरोप है कि अग्रसेन चौक में हुए विवाद के बाद ये युवक सहित उसके परिजन उसके घर पहुंचे थे। जहां उसके माता-पिता व भाई को प्रताड़ति कर रहे थे। मृतक ने आत्महत्या से पहले बनाए वीडियो में अपनी मौत का कारण शहर के महुआपारा निवासी छोटू पंडित उर्फ छोटू मिश्रा, बुद्धि पंडित व विक्रांत व प्रांजल मिश्रा को बताया है।

#### एक पक्ष की तरफ से अपराध दर्ज

अग्रसेन चौक पर दो पक्षों के बीच हुए विवाद के मामले में एक पक्ष की तरफ से अपराध दर्ज किया गया है। कोतवाली थाना में अंकित मिश्रा ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह पूजा करने के लिए गया था जहां पुरानी रंजिश को लेकर राजेश तिवारी, हर्ष सिंह, पवन तिवारी, संभव सहित दो अन्य ने मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 296, 351(3), 115(2), (5) के तहत अपराध दर्ज किया है। हालांकि दूसरे पक्ष की तरफ से अपराध दर्ज अब तक नहीं हुआ है।

#### चल रही है जांच

वीडियो वायरल हुआ है जिसमें शुक्रवार की शाम हुई मारपीट की घटना का जिक्र है। मृतक ने वीडियो में कुछ युवकों का नाम लिया है जिसके बाद इस मामले की जांच चल रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

-राहुल बंसल, सीएसपी

# एक तरफा प्यार में पागल शादीशुदा युवक ने चाकू से किया किशोरी पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

- घटना के बाद युवक ने भी पी लिया जहर, दोनों का अस्पताल में चल रहा इलाज

भटगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बंशीपुर में बुधवार शाम एक ऐसी भयावह घटना सामने आई जिसने पूरे इलाके को दहला दिया। 15 वर्षीय किशोरी पर एक शादीशुदा युवक ने चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी युवक ने खुद भी कीटनाशक पीकर जान देने की कोशिश की। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां इलाज जारी व गंभीर हालत बनी हुई है। इधर इस घटना के बाद ग्रामीणों के भय व आक्रोशित है।

जानकारी के अनुसार ग्राम कोरंधा निवासी रामधारी बरगाह आ. हरलाल बरगाह (32 वर्ष) अपने दो साथियों के साथ बंशीपुर खेतों गया था जहां किशोरी अकेले बकरियां चराने गई थी। बताया जा रहा है कि रामधारी जो कि शादीशुदा और दो बच्चों का पिता है वह लंबे समय से किशोरी से एकतरफा प्यार करता था और उसके पीछे पड़ा था। अकेले देख युवक अक्सर किशोरी के साथ छेड़छाड़ भी करता था जिसका विरोध किशोरी करती थी। इधर युवक खेत में किशोरी को अकेला देख छेड़छाड़ करने लगा तो किशोरी ने विरोध करना शुरू कर दिया जिससे आरोपी युवक ने साथ लाए सब्जी काटने वाला चाकू से किशोरी पर ताबड़तोड़ जानलेवा हमला कर दिया। किशोरी अपने आप कर बचाने की कोशिश की लेकिन गर्दन व दोनों हथेलियों में गहरा जख्म लगने से मौके पर ही अचेत हो गई। इधर किशोरी की चीखने-चिल्लाने की आवाज सुन बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी मौके से फरार हो गया। किशोरी की हालत गंभीर देखकर ग्रामीणों ने परिजन को सूचना दी और उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने किशोरी की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया।

परिजन किशोरी को अम्बिकापुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां किशोरी का उपचार जारी व गंभीर हालत बनी हुई है। इधर घटना की जानकारी लगने पर पुलिस आरोपी की तलाश में कोरंधा गांव पहुंची, तो रामधारी ने जेब में रखा कीटनाशक पी लिया और चाकू व शीशी फेंक कर भागने की कोशिश की। लेकिन ग्रामीणों ने युवक को पकड़ कर गंभीर हालत में अस्पताल भर्ती कराया जहां युवक का उपचार जारी है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 109(1) सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय स्तर की पत्र लेखन प्रतियोगिता



**मनेन्द्रगढ़।** ढाई आखर एक राष्ट्रीय स्तर की पत्र लेखन प्रतियोगिता है, जिसका उद्देश्य युवाओं में रचनात्मकता आत्म अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना एवं डाक घर की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। उक्ताशय के विचार उप संभागीय निरीक्षक नारायण नायक ने राष्ट्रीय स्तर के पत्र लेखन प्रतियोगिता में पुरस्कृत छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए कही। भारतीय डाक विभाग द्वारा राष्ट्रीयस्तर के पत्र लेखन प्रतियोगिता में विजय नर्सरी हायर सेकेंडरी विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस पत्र लेखन प्रतियोगिता में रेनू दुआ पिता राजेश दुआ कक्षा नवमी प्रथम,, अनन्या पाठक पिता विनय कुमार पाठक कक्षा आठवीं द्वितीय, हर्षतिका एवं अजंनेया गुप्ता कक्षा ग्यारहवीं ने तृतीय स्थान अर्जित किया। छात्र सम्मान समारोह में मनेन्द्रगढ़ उप संभाग के डाक अधिदर्शक गुण सागर साहू, वरिष्ठ साहित्यकार सतीश उपाध्याय, विजय नर्सरी इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्राचार्य इंदिरा सेंगर, शिक्षक राकेश मिश्रा, पूनम सोरेन आदि उपस्थित रहे।

### नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक प्रशिक्षण



**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर के बीएससी नर्सिंग छठवां सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने संस्था प्रबंधन के मार्गदर्शन में शिक्षकों के साथ क्लिनिकल प्रशिक्षण के लिए मनोचिकित्सालय इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइकियाट्री एंड अलाइड साइंसेज रांची में 3 से 30 नवंबर तक प्रशिक्षण लिए, जहां उन्होंने शैक्षिणक भ्रमण के दौरान पाया की मनोचिकित्सालय इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइकियाट्री एंड अलाइड साइंसेज झारखंड के राजधानी रांची में स्थित भारत का मानसिक स्वास्थ्य का प्रमुख संस्थान है,जहां अस्पताल में भ्रमण कर मरीजों का उपचार की सलाह एवं भर्ती प्रक्रिया के बारे में अध्ययन किया। यह दो भागों में वर्गीकृत किया गया है। जिसमें महिलाओं का खंड अलग और पुरूषों का खंड अलग व्यवस्थित किया गया है। मनोचिकित्सालय इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइकियाट्री एंड अलाइड साइंसेज में उन्होंने पाया कि वहां पर सारे वर्ग लिंग तक का मानसिक रूप से बीमार मरीजों का इलाज बेहतर ढंग से किया जाता है।

### विधायक ने भरा युवाओं में जोश



**मनेन्द्रगढ़।** जिले में कला, संस्कृति और युवा ऊर्जा का भव्य संगम 5 दिसंबर को झगराखांड़ में देखने को मिला। जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन अंबेडकर भवन एवं शासकीय हाई स्कूल झगराखांड़ में प्रातः 10 बजे से शुरू हुआ। इसमें जिलेभर के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं और युवा प्रतिभागियों ने काफी संख्या में शामिल होकर अपनी कला, प्रतिभा और रचनात्मकता का मनमोहक प्रदर्शन किया। पूरा परिसर ऊर्जा, ताल, उत्साह और सांस्कृतिक उल्लास से गूंजता रहा। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को एक प्रभावशाली मंच प्रदान करना था, जहां वे अपनी छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने ला सकें और संस्कृति, साहित्य, कला व खेल के विभिन्न क्षेत्रों में पहचान बना सकें। कार्यक्रम ने युवाओं में आत्मविश्वास, संकल्प और नई प्रेरणा का संचार किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती सिंह द्वारा छग महतारी, मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया।

---

ड्रेस कोड और समय पालन को लेकर प्रशासन सख्त | देर से पहुंचने वाले उम्मीदवारों को नहीं मिलेगा प्रवेश

# कोरिया जिले के 18 केन्द्रों में 4738 अभ्यर्थी देंगे अमीन की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर




कोरिया जिले में 7 दिसंबर को होने वाली अमीन भर्ती परीक्षा को लेकर व्यापम और जिला प्रशासन ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलरहित बनाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था इस बार बेहद कड़ी रहेगी। कोरिया जिले से कुल 4,738 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे, जिनके लिए 18 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा दोपहर 12 बजे शुरू होगी, लेकिन केन्द्र का मुख्य द्वार 11:30 बजे बंद कर दिया जाएगा। देर से पहुंचने वाले उम्मीदवारों को किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा केन्द्र में कम से कम दो घंटे पहले पहुंचे। प्रवेश के दौरान फ्रिस्किंग, फोटोयुक्त पहचान पत्र का सत्यापन और दस्तावेजों की जांच की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों में किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक सामान, मोबाइल फोन, घड़ी, ब्लूटूथ, कैलकुलेटर, ईयरबड, स्मार्ट डिवाइस, आदि पूरी तरह वर्जित होंगे। महिला एवं पुरूष अभ्यर्थियों को कानों में किसी भी प्रकार के आभूषण नहीं पहनने दिए जाएंगे। जिला प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे सभी दिशा-निर्देशों का पालन कर समय पर परीक्षा केन्द्र पहुंचे, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और सुचारू तरीके से संपन्न हो सके।

### ड्रेस कोड पर जोर

इस बार ड्रेस कोड के नियम बेहद स्पष्ट और कड़े हैं। केवल हल्के रंग के, आधी बांह वाले कपड़े ही पहनकर आएं। काला, गहरा नीला, हरा, जामुनी, मैरून, बैंगनी, गहरा चॉकलेटी रंग पूरी तरह प्रतिबंधित। केवल बिना पॉकेट वाला साधारण स्वेटर पहनने की अनुमति होगी। धार्मिक अथवा सांस्कृतिक परिधान पहनने वाले अभ्यर्थियों को सामान्य से पहले केन्द्र पहुंचकर अतिरिक्त सुरक्षा जांच करानी होगी। फुटवियर में केवल चप्पल पहनने की सलाह दी गई है।

## उल्लास नवभारत साक्षरता अभियानः 7,049 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा



राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कंडिका 23 सबके लिए शिक्षा के अनुरूप उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के तहत जिले में व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में पूरे जिले में परीक्षा संबंधी सूचना प्रसार और जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए अनेक पहलें की गई।

कलेक्टर के निर्देशों के अनुसार जिलेभर में जागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने के लिए मशाल रैली, दीवारों पर नारे लेखन, कोटवारों द्वारा मुनादी, जन-जागरूकता रैलियां का आयोजन किया गया, ताकि प्रत्येक शिक्षार्थी इस महत्वपूर्ण परीक्षा में अनिवार्य रूप से शामिल हो सके। इन आयोजनों ने गांव-गांव और घर-घर तक अभियान के उद्देश्य और महत्व को पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। महा परीक्षा में बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों की भागीदारी उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत इस वर्ष जिले के 303 परीक्षा केन्द्रों में कुल 7,049 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। यह परीक्षा सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के माध्यम से असाक्षर नागरिकों को साक्षरता का प्रमाण-पत्र प्रदान करने का अवसर मिलेगा, जिससे वे अपने जीवन में नए आत्मविश्वास और अधिकारों की समझ के साथ आगे बढ़ सकेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मार्गदर्शी सिद्धांतों पर आधारित यह महा परीक्षा न केवल शिक्षार्थियों को प्रमाणन प्रदान करेगी, बल्कि जिले की साक्षरता दर बढ़ाने की दिशा में एक उल्लास पूर्ण पहल है। प्रशासन ने सभी शिक्षार्थियों, कोऑर्डिनेटरों और शिक्षकों से अपील की है कि वे इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग दें।

---

जिला प्रशासन की टीम लगातार दे रही दबिश

# अवैध धान भंडारण : 200 क्विंटल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर



राजस्व टीम द्वारा जब्त किए गए धान।

कोरिया जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारू बनाए रखने प्रशासन निरंतर सक्रिय है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिले के तहसीलदारों एवं उनकी राजस्व टीम ने अलग-अलग गांवों में अवैध धान भंडारण और फर्जी बिक्री के मामलों में प्रभावी कार्रवाई की है।

विभिन्न स्थानों से लगभग 200 क्विंटल अवैध या अनियमित धान जब्त किया गया। तहसीलदार व टीम ने ग्राम बदरा में कृषक राधेश्याम के यहां दबिश दी। जांच में उसके पास बिना अनुमति रखा गया 21 बोरी अवैध धान मिला, जिसे मौके पर ही राजस्व अभिरक्षा में ले लिया गया। इसी तरह ग्राम टेमरी में की गई कार्रवाई में 32 बोरी अवैध रूप से भंडारित धान पाया गया। राजस्व अमले ने संपूर्ण धान को विधि अनुसार जब्त करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू की। शिकायतकर्ता सुशील कुमार आत्मज सुखलाल द्वारा की गई शिकायत पर भी प्रशासन ने जांच की। शिकायत में आरोप था कि तुलेश्वर आत्मज भैयालाल अवैध रूप से धान खरीदकर अपने ही टोकन से केन्द्र पोंड़ी में बेचने का प्रयास कर रहा है। जांच में पाया गया कि तुलेश्वर के खसरा क्रमांक 385 (आंशिक) एवं 389 (पूर्ण) में धान मौजूद था। पंजीयन के अनुसार उसके पास 43 क्विंटल धान बेचने का टोकन था, जबकि वास्तविक पात्रता केवल 15 क्विंटल की थी। प्रशासन ने 15 क्विंटल धान बेचने की अनुमति दी, शेष 28 क्विंटल (68 बोरी) धान जब्त कर समिति प्रबंधक पोंड़ी के सुपुर्द कर दिया गया। तुलेश्वर के पंजीयन में 170 क्विंटल धान दर्ज था, लेकिन मौकेपर 58 क्विंटल नया धान, 48 क्विंटल पुराना धान, 28 क्विंटल मिश्रित/खरीदा हुआ धान पाया गया। इस आधार पर कुल 76 क्विंटल अवैध/अनियमित धान जब्त किया गया। शेष 58 क्विंटल धान तुलेश्वर के खेत का पाया गया, जिसे वैध माना गया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन ने अनेक उपार्जन केन्द्रों में कृषक सहायता केन्द्र स्थापित किए हैं, जहां किसानों को धान बेचने, रकबा संशोधन, समर्पण और अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं में अधिकारियों द्वारा तत्काल सहायता प्रदान की जा रही है।



# पैरावट पर बिछ रही बर्फ की सफेद चादर

**सोनहत।** क्षेत्र में बीते दो दिनों से लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड ने लोगों की दिनचर्या पर असर डालना शुरू कर दिया है।

बादलों के छंटने के साथ ही तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। ठिठुरन के चलते आमजन खासे परेशान दिखाई दे रहे हैं। क्षेत्र में ठंड का असर इस कदर बढ़ गया है है कि अलसुबह पैरावट पर बर्फ की सफेद चादर बिछ जा रही है। मुख्यालय सहित बेलिया, केशगवां, तंजार, पलारीडांड़ समेत आसपास के वनांचल गांवों में लोग सुबह-शाम अलाव का सहारा लेने को विवश हैं। ठंड बढ़ने से मजदूरी, कृषि कार्य और दैनिक गतिविधियों पर भी असर देखने को मिला है। शाम ढलते ही बाजारों में सन्नाटा पसरने लगा है और लोग घरों में दुबक रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अस्पताल, बस स्टैंड एवं प्रमुख चौराहों पर अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से जल्द सार्वजनिक स्थलों पर अलाव व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है, जिससे ठंड से राहत मिल सके।

- कड़ाके की ठंड से ठिठुर रहा जनजीवन

---

## 11 लाख से अधिक की लंबित पेंशन मंजूर

**बैकुण्ठपुर।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल जितेन्द्र कुमार देवांगन (से.नि.)के प्रयासों से दो महत्वपूर्ण पेंशन प्रकरणों का निराकरण हुआ है। वर्षों से लंबित पेंशन और एरियर राशि जारी होने से दोनों परिवारों को बड़ी राहत मिली है। हवलदार शिवमंगल प्रसाद राजवाड़े के परिवार को मिला 10,09,267 का भुगतान तथा कांशीराम राजवाड़े, बैकुंठपुर निवासी स्व. हवलदार शिवमंगल प्रसाद राजवाड़े का सातवां वेतनमान एवं वन बैंक वन पेंशन से संबंधित बकाया लंबे समय से रूका हुआ था। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के अथक प्रयासों, लगातार पत्राचार और पीसीडीए प्रयागराज से संपर्क के बाद जून 2016 से अक्टूबर 2025 तक की बकाया राशि 10,09,267 जारी की गई। चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर निवासी स्व. हवलदार पानिकर वर्गीज की पत्नी श्रीमती शांति वर्गीज की फैमिली पेंशन मई 2024 से लंबित थी। कर्नल देवांगन द्वारा लगातार सेना अभिलेख कार्यालय और पेंशन कार्यालय प्रयागराज से संपर्क के परिणाम स्वरूप 1,05,428 की बकाया राशि 30 नवंबर 2025 को जारी की गई। वर्तमान में उन्हें 20,141 प्रतिमाह पेंशन मिल रही है।

# 11 हाथियों का दल ओदारी में कर रहा विचरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

कोरिया वन मंडल बैकुंठपुर अंतर्गत वन परिक्षेत्र देवगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में 11 हाथियों के दल द्वारा कई किसानों के धान फसल को चट कर गए, वहीं एक दो ग्रामीणों के घरों को भी नुकसान पहुंचाने की जानकारी है।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को हाथियों का दल ओदारी क्षेत्र के कक्ष क्रमांक पी 402 से होते हुए वापस धुम्माडॉड़ क्षेत्र में धान की फसल खाते हुए ललमटियापारा भैंसवार क्षेत्र पहुंच गए और इस क्षेत्र से हाथियों का दल ग्राम अमरा पहुंचे। इस क्षेत्र में कुछ देर विचरण करते हुए हाथियों का दल ग्राम अकलासरई की ओर आगे बढ़ा और फिर ग्राम अकलासरई से होते हुए हाथियों का दल पंडोपारा पहुंचे, जहां कुछ ग्रामीणों के धान फसल को चट किए, इसके बाद फिर बीट अकलासरई ग्राम के कक्ष क्रमांक पी 339 क्षेत्र में विचरण करते रहे। जानकारी के अनुसार हाथियों के 11 सदस्यीय दल के द्वारा क्षेत्र के एक-दो ग्रामीणों को क्षति पहुंचाई। विभागीय अमला फसल क्षति एवं मकान क्षति का आंकलन कर रहे हैं। साथ ही क्षेत्र के ग्रामीणों को हाथियों के दल से सुरक्षित दूरी बनाए रखने एवं हाथियों से किसी प्रकार के छेड़छाड़ नहीं करने की समझाईस दी जा रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार हाथियों का दल ग्राम बदरा, बंशीपुर तथा कचोहर की ओर जाने की संभावना जताई है।

### पौधे की सुरक्षा में जुटी छात्रा...



**बैकुण्ठपुर।** एक पेड़ मां के नाम पर जिले के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न तरह के पौधे विद्यालय परिसर में रोपे गए, जिनकी सुरक्षा के लिए एक छात्रा द्वारा घेरा बनाते हुए।

# इलेक्ट्रॉनिक नीलामी : रेत की एकाएक बढ़ी कीमतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर



छग शासन खनिज साधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के तहत कोरिया जिले की दो रेत खदानें चिरमी ए 1 एवं गेजी ए 2- को छग गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम 2025 के अनुसार घोषित कर इलेक्ट्रॉनिक नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से 21 नवंबर को सफलतापूर्वक नीलाम कर दिया गया।

- मनिर्माण कार्य में जुटे लोग परेशान

खनिज विभाग का कहना है कि ई-नीलामी प्रक्रिया से भविष्य में रेत से होने वाला राजस्व बढ़ेगा, साथ ही रेत माफियाओं द्वारा अवैध परिवहन, उत्खनन और अवैध वसूली पर कड़ी रोक लगेगी। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया कि इलेक्ट्रॉनिक नीलामी से रेत कारोबार में पारदर्शिता आएगी और अवैध रेत उत्खनन व परिवहन की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाएगा, लेकिन दूसरी ओर इन दिनों रेत की कीमत बाजार में एकाएक दुगुना हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार पहले रेत की कीमतें ट्रैक्टर में 1500-1800 थीं वह बढ़कर 3000 रुपए हो गइंं, इसी तरह मिनी टीपर में रेत की कीमत 2500 रुपए थीं, वह अब बढ़कर 4500-5000 रुपए तक हो गई हैं। इससे निर्माण कार्यों में जुटे लोग काफी परेशान हो गए हैं।

खनिज विभाग के आकड़े- वित्तीय वर्ष 2020-21 में गौण खनिजों से प्राप्त राजस्व का 2025-26 में नियमों के अनुसार ग्राम पंचायतों व जनपद पंचायतों को संवितरण स्वीकृत किया गया है।

---

सिटी कोतवाली के सामने लिखी गई हैं जानकारियां

# लोगों को जागरूक करने दीवारों पर लिखे गए स्लोगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर







पुलिस अधीक्षक रवि कुर्रे के दिशा-निर्देश पर सिटी कोतवाली के सामने लिखे गए शलोगन।

पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश पर कोरिया पुलिस द्वारा नवीन कानून एवं यातायात जागरूकता को लेकर दीवारों में स्लोगन लिखवा कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रही है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुर्रे के दिशा-निर्देश पर कोरिया पुलिस द्वारा नवीन कानून को लेकर जहां शहर के कुमार चौक पर जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्टाल लगाकर लोगों को नवीन कानून की जानकारी दी जा रही है, वहीं सिटी कोतवाली परिसर के सामने दीवार लेखन कर नवीन कानून की जानकारी सहित यातायात और साइबर क्राइम से जागरूकता के स्लोगन लिखवाकर लोगों को जागरूक कर रही है। सिटी कोतवाली के अहाते के बाहरी दीवार पर कानून के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। दीवार लेखन कर यह संदेश दिया जा रहा है कि कानून से बड़ा कोई नहीं है। कोई भी व्यक्ति चाहे वह कितना भी बड़ा हो कानून तोड़ने पर उसके विरूद्ध कानून में निहित प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। वहीं सार्वजनिक स्थल एवं आम मार्ग पर वाहन खड़ा करके केक काटना जन्म दिन मनाना पटाखा फोड़ना बाइक स्टंटबाजी करना दंडनीय अपराध है जैसे विभिन्न तरह के कानूनी प्रावधानों को दीवार पर अंकित कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया है।

### योजनाओं को लेकर भी जन जागरूकता

कोरिया पुलिस द्वारा सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में भी दीवार लेखकर कर जन जागरूकता फैलाने का काम किया है। कोरिया पुलिस ने सिटी कोतवाली परिसर में दीवार लेखकर कराकर राहगीर योजना के बारे में भी बताया कि केन्द्र सरकार की राहवीर योजना प्रदेश में लागू है। इस योजना के तहत बिना किसी डर के सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद कर जान बचाने पर पुलिस परेशान नहीं करेगी, बल्कि घायल को अस्पताल पहुंचाकर जान बचाने पर 25 हजार रूपए का इनाम तथा प्रशंसा पत्र भी दिया जाएगा, इसके अलावा अन्य योजनाओं का भी प्रसार दीवार लेखन कर किया गया।

# रामपुर में दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता



**बैकुण्ठपुर।** सेंट जोसेफ हायर सेकेंडरी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रामपुर में 5 व 6 दिसंबर को दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में गृह मंत्रालय के सहायक निदेशक संजीव कुमार मिश्रा उपस्थित रहे, जबकि विशेष अतिथि विनय मोहन भट्ट एवं फादर संदीप तिग्गा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। दूसरे दिन के मुख्य अतिथि एसईसीएल महाप्रबंधक बीएन झा रहे। साथ ही विशेष अतिथि सिस्टर शांति, फादर तेज मिंज तथा विशिष्ट अतिथि महेश मिश्रा की मौजूदगी ने कार्यक्रम में ऊर्जा भरी। मुख्य अतिथियों द्वारा मशाल प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक परेड प्रदर्शन किया गया, जिसके जज की भूमिका महेश मिश्रा, फादर तेज मिंज एवं सिस्टर शांति ने निभाई।

## खबर संक्षेप

### व्यवसायी से दो लाख की उठाईगिरी, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** परिचित को दो लाख रुपए देने गए व्यवसायी के स्कूटी की डिग्गी से चोरों ने दो लाख रुपए पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार भट्ठी रोड निवासी व्यवसायी नितेश गुप्ता आ. कृष्णा गुप्ता (35 वर्ष) 4 दिसंबर को ब्रम्हरोड स्थित बैंक में 30 हजार रुपए जमा करने गया था। रूयए जमा करने के पश्चात झोला में रखे दो लाख रुपए को अपनी स्कूटी की डिक्की में रखकर परिचित विकास गुप्ता को देने के लिए उसके दुकान पहुंचा। स्कूटी को दुकान के सामने खड़ा कर परिचित से मिलने चला गया। कुछ समय बाद रुपए लेने आया तो देख स्कूटी की डिक्की खुला और रुपए रखा झोला गायब था। जब नितेश से सीसीटीवी फुटेज देखा तो दो युवक स्कूटी की डिक्की से रुपए निकालते नजर आए। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2), 3 (5) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### बाइक की टक्कर से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम धरमपुर निवासी जय राम पैकरा आ. स्व. छरका पैकरा (45 वर्ष) शुक्रवार को बुंदिया साप्ताहिक बाजार खरीदारी करने गया था। शाम को पैदल घर लौटने लगा और जैसे ही सोनवाही जंगल में पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

**न्यायालय तहसीलदार लटोरी जिला सूरजपुर छत्तीसगढ़.)**
रा.प्र.क्र. 202511262100 अ-21/2025-2026

**//ईश्तहार//**

**मीना गिरी प्रति गीता**

सर्व साधारण ग्रामवासी ग्राम सिलफिली तहसील लटोरी को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मीना गिरी पति स्व. भूनेश्वर गिरी जाति गोस्वामी निवासी ग्राम सिलफिली तहसील लटोरी जिला सूरजपुर छ.ग. द्वारा अपने खाते की भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम सिलफिली तहसील लटोरी जिला सूरजपुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 281/1, 297/1 में से रकबा 0.06, 0.0010 हे. भूमि को अनावेदक गीता सारथी पत्ति श्यामलाल जाति घसिया निवासी गोविन्दपुर तहसील लटोरी जिला सूरजपुर के पास 13,00,000/- (तेरह लाख रूपये) में विक्रय करने हेतु सौदा तय किया गया है। आवेदित भूमि शासन से पट्टे पर प्राप्त भूमि है। उक्त भूमि को विक्रय करने हेतु अनुमति बावत आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय सूरजपुर को प्रस्तुत करने से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त होने पर प्रकरण प्रारम्भ किया गया।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 10-12-2025 को उपस्थित हो कर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। इस तिथि के बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक 14-11-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**लटोरी**
**जिला- सूरजपुर**

## अमवार बांध से प्रदेश के सीमावर्ती के छह गांव है आंशिक रूप से प्रभावित

# विस्थापितों को आठ साल बाद भी नहीं मिला भू-खंड एवं मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

अमवार बांध से आंशिक रूप से प्रभावित प्रदेश के सीमावर्ती गांव के लोगों को आठ साल बाद भी न तो भूखंड नसीब हो सका और न ही मुआवजा राशि। हैरानी की बात तो यह है कि पुनर्वास के लिए आरक्षित भूमि पर बनाए गए भवन जर्जर तो भूखंड झाड़ियों में तब्दील हो गया है। ऐसे में आज भी विस्थापित परिवार के लोग आश्वासन के सहारे वर्षो से गुजर बसर करने को मजबूर है।

**खास बात**
- पुनर्वास भवन जर्जर, झाड़ियों तब्दील आरक्षित भूखंड

उत्तर प्रदेश के अमवार में लगभग 30 अरब रुपए की लागत से निर्मित अमवार बांध का असर छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती गांवों पर लगातार पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ के ग्राम झारा सीमा से महज 6 किलोमीटर दूर बनाए गए इस बांध के कारण छत्तीसगढ़ के 6 गांव आंशिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं। विस्थापन की भरपाई के लिए कनहर अंतरराज्यीय परियोजना, अमवार द्वारा वर्ष 2015 में 70 करोड़ 34 लाख 30 हजार की राशि जल संसाधन विभाग, बैकुंठपुर को उपलब्ध कराई गई थी, ताकि राज्य के प्रभावित परिवारों को पुनर्वास एवं पुनर्बसाहट की सुविधाएं दी जा सकें। पुनर्वास के लिए छत्तीसगढ़ के ग्राम त्रिशूली में लगभग 37 एकड़ भूमि आरक्षित की गई थी। योजना के अनुसार डूबान क्षेत्र के 32 प्रभावित परिवारों को 450 वर्ग मीटर का भूखंड तथा 7 लाख 11 हजार का पुनर्वास पैकेज प्रदान किया जाना था। साथ ही पुनर्वास स्थल पर 3 करोड़ 63 लाख 19 हजार की लागत से सड़क, सामुदायिक भवन, केटल शेड, आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक शाला, निर्मला घाट, श्मशान घाट, गौठान सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं का निर्माण किया गया। लेकिन विडंबना है कि यह पूरी संरचना आज तक उपयोग में ही नहीं लाई जा सकी। 8 वर्ष बीत जाने के बाद भी प्रभावित परिवारों को न तो आवंटित भूखंड मिले हैं और न ही पुनर्वास मुआवजा की राशि। खाली पड़ी सुविधाएं अब धीरे-धीरे जर्जर होने लगी है, जबकि विस्थापित परिवार लगातार आश्वासन के सहारे वर्षों से इंतजार कर रहे हैं।


विस्थापितों के आरक्षित भू-खण्ड।

### नहीं हुई कोई स्पष्ट पहल

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पुनर्वास कार्यों को लेकर न तो स्पष्ट पहल हो रही है और न ही प्रशासन की ओर से समयबद्ध कार्रवाई की जा रही है। इधर प्रभावित परिवार अपनी मूल भूमि खोने के बाद आर्थिक, सामाजिक और भौतिक असुरक्षा का सामना करने को मजबूर है।

### भूखंड एवं मुआवजा राशि की मांग

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने शासन से पुनर्वास प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से पूर्ण करने तथा भूखंड वितरण और मुआवजे की राशि देने की मांग की है। भूखंड एवं मुआवजा राशि मिलने से प्रभावित परिवार सम्मानपूर्वक नए स्थान पर अपना जीवन पुनः व्यवस्थित कर सकें।

### किया गया है पत्राचार

पुनर्वास एवं मुआवजा के संबंध में संचालन कार्यक्रम अभियंता बैकुंठपुर से होता है। बार-बार राशि जारी करने के लिए पत्राचार किया गया है वहीं कार्यपालन अभियंता से भी चर्चा की गई है।
-अनिल कुमार खलको, अधीक्षण अभियंता

# कदौरा में 60 से 65 एकड़ शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

विकासखंड अंतर्गत ग्राम कदौरा में गुरुवार को आयोजित ग्रामीण बैठक के दौरान शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे का गंभीर मामला सामने आया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के ही निवासी बीरेंद्र गुप्ता पिता विजय गुप्ता ने लगभग 60 से 65 एकड़ शासकीय (पेट) भूमि को गलत तरीके से अपने नाम दर्ज करा लिया है और इसी आधार पर कई वर्षों से धान बेचने का कार्य कर रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, रिकॉर्ड में गड़बड़ी और भ्रम पैदा कर शासकीय भूमि का निजी लाभ लिया जा रहा था।



- तहसीलदार ने किया स्थल निरीक्षण, आरोपी जेल भेजा गया

बैठक में मामले की स्पष्टता के लिए पटवारी अजेंद्र टोप्पो को बुलाया गया। उन्होंने बताया कि उनका पदस्थापन वर्ष 2025 में हुआ है, इसलिए पूर्व पटवारी द्वारा की गई दर्जियों और कार्यवाही की जानकारी उन्हें नहीं है। इस जवाब से ग्रामीण असंतुष्ट हो गए और तत्काल पूरे प्रकरण की सूचना तहसीलदार राजपुर को दी गई। सूचना मिलते ही तहसीलदार कावेरी मुखर्जी स्वयं ग्राम कदौरा पहुंचीं और विवादित स्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि बीरेंद्र गुप्ता के नाम किसी भी प्रकार का भूमि रकबा दर्ज नहीं है, इसके बावजूद वह नियमित रूप से धान विक्रय कर रहा था, जो नियमों के विपरीत है। निरीक्षण उपरांत तहसीलदार ने दौरा मंडी प्रबंधक को स्पष्ट निर्देश दिए कि भूमि संबंधी तथ्यों की पुष्टि होने तक बीरेंद्र गुप्ता से धान की खरीदी न की जाए। इस निर्णय के बाद बीरेंद्र गुप्ता और मंडी मैनेजर के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिसके चलते मंडी मैनेजर ने डवरा चौकी प्रभारी को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और आरोपी बीरेंद्र गुप्ता को बीएनएसएस की धारा 170 के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय राजपुर में पेश किया। न्यायालय के निर्देश पर उसे गुरुवार को रामानुजगंज जेल भेजा गया।राजपुर एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने बताया कि मामले की पूरी जांच कर ली जाएगी। जहां भी त्रुटि हुई है, उसका सुधार होगा और दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

# सरगुजा और बस्तर के जंगल हमारी पहचान बचाकर रखना आवश्यक : उद्धेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अंतर्गत परंपरागत वैद्य सम्मेलन एवं हर्बल मेला रजत वाटिका वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को हरितिमा गेऊर नर्सरी में किया गया। वन परिक्षेत्र राजपुर एवं वन मंडल बलरामपुर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन कर की गई। कार्यक्रम के दौरान जिले भर से आए पारंपरिक वैद्यों ने क्रमवार अपने अनुभव, औषधीय ज्ञान और स्थानीय जड़ी-बूटी संरक्षण से जुड़े सुझावों को साझा किया। वन विभाग की रजत जयंती के अवसर पर प्रथम बार आयोजित यह सम्मेलन पारंपरिक चिकित्सा पद्धति, जड़ी-बूटियों के संरक्षण और जंगल आधारित आजीविका को बढ़ावा देने पर केंद्रित रहा।

- वन विभाग ने पहली बार किया वैद्य सम्मेलन व हर्बल मेला का आयोजन

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उद्देश्वरी पैकरा ने कहा कि सरगुजा और बस्तर संभाग के जंगल हमारी पहचान हैं, इन्हें बचाकर रखना हमारी पहली जिम्मेदारी है। वन विभाग अकेले जंगल नहीं बचा सकता, इसके लिए ग्रामीणों और विभाग का सामूहिक सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि आज जंगल कटे तो आने वाली पीढियां प्रकृति की इस धरोहर से वंचित हो जाएंगी।

जड़ी-बूटियों के अति दोहन पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि जड़ों को नष्ट किए बिना पौधों को संरक्षित करना चाहिए ताकि वे पुनः विकसित हो सकें। लघु वनोपज संघ के जिला अध्यक्ष लाल मिंज ने भी स्थानीय जड़ी-बूटियों, वनोपज संग्रहण और जंगल पर बढ़ते दबाव पर अपने विचार व्यक्त किए। डीएफओ आलोक वाजपेयी ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से औषधीय पौधों के संरक्षण, उनकी पहचान, सतत संग्रहण पद्धति और वन विभाग द्वारा संचालित संरक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परंपरागत ज्ञान और वैज्ञानिक प्रबंधन मिलकर ही वनों के वास्तविक संरक्षण का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं वैद्यों को सम्मानित किया गया तथा वन संरक्षण, हर्बल चिकित्सा और पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष विनय भगत, उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, नपं अध्यक्ष धरम सिंह, नपं उपाध्यक्ष संजय सिंह, जिला वन स्थाई समिति के अध्यक्ष रवि प्रताप मराबी, विधायक प्रतिनिधि प्रवीण अग्रवाल शिवनाथ यादव, उदय यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव उपवन मंडला अधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव, रेंजर महाजन लाल साहू, अमित प्रताप सिंह, अशोक शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।

# मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत किया सड़क निर्माण का भूमिपूजन

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ में ग्रामीण संपर्क मार्गों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में राज्य सरकार निरंतर महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इसी कड़ी में आज महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग की मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने सूरजपुर जिले के ग्राम नवाटोला, तेलगवां, माडर में मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत स्वीकृत सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया।



इस अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण इलाकों में आवागमन सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि गांवों का हर मौसम में सुचारू रूप से विकास से जुड़ाव बना रहे। योजना के तहत कुल 0.90 किमी लंबाई की सीसी सड़कों एवं नाली निर्माण का कार्य स्वीकृत हुआ है। इनमें ओडगी नवाटोला मुख्य मार्ग से खालबहरा मार्ग तक 0.20 किमी सड़क, लागत 17.07 लाख रुपए,मेन रोड भंडारापारा से बगीचा मार्ग तक 0.20 किमी सड़क, लागत 17.07 लाख रुपए,देवलपारा से संतलाल तक 0.50 किमी सड़क, लागत 40.23 लाख रुपए शामिल है। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को पक्की सड़क की सुविधा प्राप्त होगी, जिससे दैनिक आवागमन आसान होगा तथा छात्रों, किसानों और कामकाज के लिए आने-जाने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। बारिश के मौसम में भी परिवहन व्यवस्था अब निर्बाध रहेगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, पंच-सरपंचों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## निधन

### जोगीन्द्र प्रसाद गुप्ता



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल हॉस्पिटल कॉलोनी 1 बी क्वार्टर नंबर 219 निवासी सेवानिवृत्त कोल कर्मी जोगीन्द्र प्रसाद गुप्ता का शुक्रवार की शाम निधन हो गया,वे 62 वर्ष के थे जो पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे,उनका अंतिम संस्कार आज 7 दिसंबर रविवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा,वे अपने पीछे भाई राजेंद्र प्रसाद,धीरेन्द्र प्रसाद,वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता,पुत्र मिथलेश गुप्ता गोलू, कमलेश गुप्ता मोनू समेत भरापुरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं।

**न्यायालय तहसीलदार सीतापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25

**//ईश्तहार//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विरेन्द्र आ. बिफन जाति उराव निवासी ग्राम- देवगढ़ तहसील सीतापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक के पत्नी अंजू का दिनांक 15/08/1978 को जन्म ग्राम देवगढ़ में हुआ है। जन्म-मृत्यु पंजी में नाम दर्ज नहीं करा पाने के कारण जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आवेदक को जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता शिक्षा हेतु पड रहा है। जिसके लिये जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन के साथ अनुपलब्धता प्रमाण पत्र अंकसूची एवं चालान की प्रति प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

अतः इस संबंध में किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 19/12/2025 तक न्यायालयीन समय में पेश कर सकते हैं। समय सीमा बाद प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन सील मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**सीतापुर**



### विद्यार्थी जीवन का ध्येय लक्ष्य को हासिल करना : डॉ. श्रीवास्तव

**रजपुरीकला।** विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य बनाना और उसको हासिल करना सभी दायित्व है। इसके लिए अनुशासन के साथ कठोर परिश्रम करना होगा। उक्त बातें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनपुर में पर्सनालिटी डेवलपमेंट एंड कैरियर गाइडेंस विषय पर आयोजित व्याख्यान के दौरान साईं बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व को संवारने के लिए सार्थक प्रयास करने होंगे। जिन्दगी की बुनियाद विद्यार्थी जीवन पर निर्भर है। जीवन को बेहतर बनाने के लिए पूरी तन्मयता के साथ विद्यार्थी जीवन के समय का उपयोग करना होगा। डॉ. श्रीवास्तव ने कैरियर चयन और उनकी संभावनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि 12वीं के बाद कैरियर का निर्णायक दौर प्रारम्भ होता है। ज्ञान आधारित दुनिया में बौद्धिकता का स्वागत सभी करने का तैयार हैं। डॉ. श्रीवास्तव ने छात्राओं से कहा कि आपके आत्मनिर्भर बनने से समाज सशक्त होगा और नारी सशक्तिकरण का लक्ष्य पूरा होगा। स्कूल की प्राचार्य रंजना श्रीवास्तव ने पर्सनालिटी डेवलपमेंट एंड कैरियर गाइडेंस से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान व्याख्याता एचडी पांडेय, आरके विश्वकर्मा, रीना सिन्हा, वंदना सिन्हा, नीलम, अनुराधा, रेवती सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 21 दिसम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट - डॉक्टर माह के तीसरे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.मनीष चौरसिया M.S.(General Surgery) M.Ch.(Neuro Surgery)
सुप्रसिद्ध मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरी शंकर सिंह MBBS (AFMC) MD (Psychiatry) BHU
सुप्रसिद्ध गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ.बी.बी.कुमार MBBS,MD (Medicine) FLPM,Fellowship in Rheumatology
सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग MBBS,DNB (MEDICINE)
BLOOD BANK CENTER
1.5 TESLA MRI
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल.द्वय
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
ब्रेन एंजियोग्राफी एंड एंजियोप्लास्टी विशेषज्ञ डॉ.सौरभ जैन MD,DM,(Neurology)FNB (Neurologist)
मनोरोग,नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट डॉ.निशांत कुमार साहू एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मनोरोग)
DIGITAL X-RAY
07 दिसम्बर 2025, माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 7 दिसम्बर 2025, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहू बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 26 नवम्बर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

(हृदय रोग विशेषज्ञ) Apollo
डॉ.अभिषेक कौशले
एम.बी.बी.एस. (सिम्स), एम.डी. (मेडिसिन) एम.जी.एम.एम.सी. इंदौर, डी.एन.बी. (मेडिसिन), एन.बी.ई.न्यू दिल्ली एंड डी.एम. (हृदय रोग) गोल्ड मेडल (बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय)
दिनांक - 21 दिसम्बर 2025, रविवार
समय - सुबह 11 से 2.30 बजे तक
हृदय संबंधित रोग के लक्षण
• सीने में दर्द एवं जकड़न • सांस लेने में तकलीफ • चलने में थकान लगना
• चक्कर व बेहोशी • पैरों में सूजन • बच्चों में जन्मजात हृदय रोग
एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर, सीआरटी
यशोदा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
खरसिया नाका, भारत माता चौक, रिंग रोड श्री लक्ष्मी हॉटल के पास अम्बिकापुर
अधिक जानकारी एवं पंजीयन हेतु संपर्क करें।
07774-319760, 8602490055, 7777879370

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 19 दिसम्बर 2025 दिन - शुक्रवार
सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
दिनांक 21 दिसम्बर 2025 दिन - रविवार
लकवा, मिर्गी, झटका सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन रीढ़ की हड्डी की चोट सिर की चोट हाथ-पैर में झुनझुनी
दूरबीन से स्पाईन, रीढ़ की हड्डी की सर्जरी की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500, +91 72408 02000
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 07 दिसम्बर, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से शाम 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल शाम 3 बजे से 5 बजे तक

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
|9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 07 दिसंबर 2025, रविवार
डॉ.आकाश गर्ग एमबीबीएस, डीएनबी (मेडिसिन) डीएनबी (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी) गैस्ट्रो- इंटेस्टाइनल एवं लिवर विशेषज्ञ
डॉ.निहार गुप्ता MBBS, M.S., M.CH (Hematologist) रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन MBBS, M.S., M.CH (Neuro Surgeon) न्यूरोसर्जन
डॉ.विनय कुमार ए.वी. एसोसिएट कंसल्टेंट - नेफ्रोलॉजी किडनी रोग विशेषज्ञ

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 13 दिसंबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक -06 दिसम्बर 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षो का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 14 दिसम्बर 2025, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

## खबर संक्षेप



### महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने लहराया जीत का परचम

**सेदम।** विकासखंड स्तरीय एक दिवसीय युवा महोत्सव अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन शांति पारा बतौली स्थित खेल मैदान में किया गया। खेल एवं युवा विभाग द्वारा आयोजित युवा महोत्सव में शासकीय महाविद्यालय बतौली के विद्यार्थियों ने बालिका वर्ग के 18 से 40 आयु वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी खेलों में बाजी मारी। 18 से 40 आयु वर्ग के एथलेटिक्स के 100 मीटर दौड़ में आरती सिंह मरावी ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर मनीषा पैकरा एवं 400 मीटर दौड़ प्रीति पैकरा ने प्रथम स्थान अर्जित किया। एकल स्पर्धा के साथ सामूहिक खेलों में भी महाविद्यालयीन छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। खो-खो प्रतियोगिता में रेशमी टोप्पो एवं सहेलियों ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इसी तरह रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में छात्रा ललिता किंडो एवं उनके साथियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान अर्जित किया। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी शरदचंद्र मेषपाल, सेजेस की प्राचार्य प्रसन्ना केरकेट्टा, करदना प्राचार्य राजेश गुप्ता एवं बतौली महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी प्रो. तारा सिंह मरावी, प्रो. बलराम चंद्राकर, सुभागी भगत, मधुलिका तिग्गा, जिवियन खेस्स, शिल्पी एक्का, गोपाल यादव, मनीषा एक्का सहित अन्य मौजूद रहे।

### नेटबॉल चैंपियनशिप में शामिल होंगे सरगुजा के 21 खिलाड़ी



**अंबिकापुर।** 15वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सीनियर नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 6 एवं 7 दिसंबर को बिलासपुर में किया जा रहा है। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन सरगुजा की महिला एवं पुरुष टीमें इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन सरगुजा के सचिव रजत सिंह ने बताया कि जिले से कुल 21 खिलाड़ी राज्य स्तरीय सीनियर नेटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिसमें पुरुष वर्ग से ओम प्रकाश, सर्वेश दुबे, आयुष्मान, आयुष सिंह, आयुष बारी, विक्की भगत, अभिषेक शर्मा, शिखर ठाकुर, ऋत्विक राज गुप्ता,अमन एवं महिला वर्ग की खिलाड़ी खुशबू गुप्ता, प्रज्ञा मिश्रा, साक्षी तिर्की, प्रियंका पैकरा, रागिनी, अनामिका चौबे, उमा वर्मा, संजना मिंज, नंदिनी, आर्या खलखो, रजनीकांता शामिल होंगे। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिले में नेटबॉल खेल नई ऊंचाइयों को छू रहा है। जिले नेटबॉल के प्रति गंभीरता लगातार बढ़ रही है। सरगुजा के खिलाड़ी न केवल राज्य स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जिले का गौरव बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर निशांत सिंह गोल्डी, गौरव सिंह, सौरभ, केपी सिंह, हेमंत तिवारी, हिमांशु जायसवाल ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

### भाजपा का प्रतिनिधि मंडल मिला सीतापुर के पीड़ित परिवारों से



**अम्बिकापुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के नेतृत्व एवं महापौर मंजूषा भगत की उपस्थिति में एक प्रतिनिधि मंडल ने सीतापुर के उरांव पारा पहुंचकर हाल ही में मारपीट से पीड़ित परिवारों से भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने निहाल खलखो पिता रामदेव, अमन खेस पिता प्रकाश और नवीन पैकरा पिता सुखसाय पैकरा के घर जाकर घटना की पूरी जानकारी ली तथा उन्हें हर स्तर पर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ लोगों द्वारा की गई मारपीट एवं कथित देश-विरोधी नारेबाजी की जानकारी भी सामने आई। भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होने तक भाजपा उनका साथ निभाएगी तथा क्षेत्र में शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था को किसी भी स्थिति में आहत नहीं होने देगी। प्रतिनिधि मंडल में जिला महामंत्री अरूणा सिंह, उपाध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, संयोजक निलेश सिंह, संवाद प्रमुख रूपेश दुबे, श्रवण दास, अनिल अग्रवाल, त्रिलोचन सदावर्ती, भगत सिंह, विजय गुप्ता, संगीता कंसारी, विष्णु अग्रवाल, रविकांत उरांव शामिल थे।

### डॉ एम निकुंज के निधन उपरान्त दी गई अनुग्रह अनुदान राशि



सीतापुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवारत वरिष्ठ चिकित्सक एवं पूर्व बीएमओ डॉ. मार्टिन निकुंज के निधन के बाद अनुग्रह अनुदान राशि के रूप में घरवालों को 50 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। डॉ. एम निकुंज का विगत 27 नवंबर को उपचार के दौरान रायपुर में निधन हो गया। उनके निधन के बाद शासन के नियमानुसार उनके पुत्र अभिजीत निकुंज एवं पुत्री अदिति निकुंज को 50 हजार का चेक अनुग्रह अनुदान राशि के रूप में प्रदान किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. प्रेम सिंह मार्को, डॉ. राजेश भजगावली, डॉ. शैलेंद्र गुप्ता, बीएमओ सीतापुर डॉ. एसएन पैंकरा, बीएमओ मैनपाट डॉ. आरएसएस पैंकरा, बीपीएम दिलीप कुमार चंद्रा, लेखापाल देवीदयाल सिंह मौजूद थे।

### ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी जूझ रहे आर्थिक समस्या से

# हर साल सैकड़ों विद्यार्थी छोड़ रहे पढ़ाई, पीजी कॉलेज में प्रवेश लेने वाले 220 हुए गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पाठ्यक्रम में व्यापक बदलाव किया है तथा विद्यार्थियों की प्रतिभा में निखार लाने के समय ही कौशल विकास पर जोर दिया गया है। इस पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों के उत्तीर्ण होने की संभावनाओं को आसान बनाया गया है इसके बावजूद बड़ी संख्या विद्यार्थी इस बार प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल नहीं हुए तथा पढ़ाई छोड़ दी।

**खास बात**
- आधार कमजोर होना भी बड़ा कारण

उच्च शिक्षा विभाग ने सभी महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम की शुरूआत की है। पाठ्यक्रम को बहुपयोगी बनाने जेनरिक एलेक्टिव के तहत अपनी रूचि के अनुसार दूसरे संकाय का पूरक एक विषय पढ़ने की सुविधा दी गई है। विद्यालयों की प्रतिभा निखारने क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से असाइंमेंट एवं प्रायोगिक कार्य को शामिल किया गया है। सेमेस्टर प्रणाली शुरू होने से वार्षिक परीक्षा का दबाव कम हुआ है। पाठ्यक्रम को रोजगार परक बनाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों का कौशल भी निखारा जा रहा है ताकि स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद वे स्वयं का रोजगार भी स्थापित कर सकें। नए पाठ्यक्रम से विद्यार्थियों को लाभ भी मिल रहा है उत्तीर्ण होने के प्रतिशत में काफी वृद्धि हुई है। इतना सब कुछ होने के बाद भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश तो ले रहे हैं लेकिन परीक्षा में शामिल नहीं हो रहे हैं तथा पढ़ाई छोड़ दे रहे हैं। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। प्राध्यापकों का कहना है कि कोरोना काल के बाद विद्यार्थियों में पढ़ाई छोड़ने की प्रवृत्ति बढ़ी है। तथा हर साल बढ़ी संख्या में विद्यार्थी एडमिशन लेने के बाद पढ़ाई छोड़ रहे है। चालू सत्र में अकेले राजीव गांधी पीजी कॉलेज के 220 विद्यार्थी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल नहीं हुए तथा पढ़ाई छोड़ दी। ऐसी स्थिति अकेले पीजी कॉलेज की नहीं बल्कि शहर के सभी कॉलेजों की है।



**रोजगार पर जोर**

प्राध्यापकों का कहना है कि पीजी कॉलेज सहित संभाग मुख्यालय के अन्य कॉलेजों में बड़ी संख्या में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थी एडमिशन लेते हैं लेकिन आर्थिक कारणों से परीक्षा फार्म नहीं भर पाते। छात्रावास की सुविधा नहीं होने के कारण भी कई विद्यार्थी आर्थिक कारणों से पढ़ाई छोड़कर वापस घर लौट जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के कई विद्यार्थी पढाई करने के साथ ही दुकानों में नौकरी करते हैं। ऐसे विद्यार्थी पाठ्यक्रम के टेस्ट एवं सेमिनार में नहीं शामिल हो पाते तथा परीक्षा फार्म भरने से अपात्र हो जाते हैं जबकि कई विद्यार्थी अपनी नौकरी में व्यस्त हो जाते हैं तथा पढ़ाई में रूचि नहीं लेते। ऐसे भी विद्यार्थी हैं जिन्होंने 12वीं उत्तीर्ण तो कर लिया है लेकिन मूल विषय की जानकारी नहीं होने के कारण विषय नहीं समझ पाते तथा पढ़ाई छोड़ देते है।

**नहीं है संसाधन**

स्नातक पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों के कौशल विकास पर जोर दिया गया है तथा अनेक विषयों को शामिल किया गया है। व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की शुरूआत कर दी गई है लेकिन किसी भी कॉलेज में वर्कशॉप एवं फैकल्टी नहीं है जिससे यह औपचारिक खानापूर्ति बनकर रह गया है। जेनरिक एलेक्टिव का कोर पेपर कई विद्यार्थियों को बोझ लग रहा है। जनरल एलेक्टिव विषय को छात्रों की रूचि अनुकूल बनाने की भी जरूरत महसूस की जा रही है। इस साल प्रवेश लेने वाले कला के 122, कॉमर्स के 22, बीसीए के 5, गणित 47 एवं बायो 24 कुल 220 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए

**चिंता का विषय**

प्रवेश लेने के बाद बीच में पढ़ाई छोड़ना चिंता का विषय है। 30 फीसदी आंतरिक मूल्यांकन कार्यों में शामिल नहीं होने पर कई विद्यार्थी परीक्षा के लिए अपात्र हो जाते हैं जबकि कई व्यक्तिगत कारणों से पढ़ाई छोड़ देते हैं। कॉलेज द्वारा विद्यार्थियों को अंतिम समय तक फॉर्म भरने की सुविधा दी जाती है। साथ ही दण्ड राशि में भी छूट दी जाती है।

-डॉ.अनिल कुमार सिन्हा
प्राचार्य, पीजी कॉलेज

## एक सप्ताह के भीतर दो घटनाओं ने बढ़ाई अभिभावकों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

एक सप्ताह के भीतर घटी दो गंभीर घटनाओं ने न सिर्फ स्थानीय प्रशासन को सतर्क किया है, बल्कि अभिभावकों की चिंता भी बढ़ा दी है। पहली घटना नगर में उस समय सामने आई जब महाविद्यालय के कुछ छात्रों द्वारा स्कूल आती-जाती नाबालिग बच्चियों पर कथित रूप से अश्लील फब्तियाँ कसने की शिकायत परिजन ने की।

बच्चियों ने बताया कि विद्यालय जाने के रास्ते में कुछ युवक लगातार छेड़छाड़ व अभद्र टिप्पणियाँ करते थे, जिससे वे भय और तनाव में थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए परिजन ने विरोध जताया और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की। इसी बीच दूसरी घटना वन वाटिका क्षेत्र से सामने आई, जहाँ संदिग्ध अवस्था में एक युवक और युवती को देखा गया। इस घटना ने भी नगरवासियों का ध्यान आकर्षित किया और सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई। प्रशासन द्वारा मामले की जाँच की जा रही है, लेकिन दोनों घटनाओं ने स्पष्ट रूप से यह संकेत दिया है कि किशोर उम्र के बच्चों पर बेहतर निगरानी की आवश्यकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि किशोरावस्था अत्यंत संवेदनशील होती है और इस दौर में बच्चे परिवेश, मित्रता और सोशल मीडिया से काफी प्रभावित होते हैं। ऐसे में अभिभावकों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर सतर्क नज़र रखें। बच्चों के किस प्रकार के लोगों से मेलजोल है, वे मोबाइल में क्या देख रहे हैं, किससे बातचीत कर रहे हैं— इन सभी बातों की समय-समय पर जानकारी लेना आवश्यक है। शिक्षकों और मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि खुला संवाद, भरोसा और समय पर मार्गदर्शन ही बच्चों को गलत दिशा में जाने से रोक सकता है। नगर के कई सामाजिक संगठनों ने भी प्रशासन से स्कूल मार्गों पर गश्त बढ़ाने और किशोरों के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाने की मांग की है।

## बकाएदारों पर विद्युत मंडल ने की सख्ती, काटे 173 कनेक्शन



हरिभूमि न्यूज : जांजगीर-चांपा

बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर सख्ती बरतते हुए विद्युत मंडल ने सक्ती वृत्त में बड़ी कार्रवाई करते हुए 173 बकायादारों के कनेक्शन काट दिए है। इस कार्रवाई के बाद बकायादार उपभोक्ताओं में हडकंप मच गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 4 दिसम्बर को विद्युत विभाग संभाग के अधीक्षण अभियंता अमर चौधरी के मार्गदर्शन में सक्ती संभाग अंतर्गत सक्ती शहर, सक्ती ग्रामीण,डभरा ,जैजैपुर एवं बाराद्वार क्षेत्र में सर्किल स्तर पर मास डिस्कनेक्शन किया गया। जिसमे चाम्पा एवं अकलतरा संभाग के सहायक व कनिष्ठ अभियंताओं के साथ कुल 22 टीम का गठन किया गया । कुल 374 बकायादार उपभोक्ताओं की सूची जिनकी राशि 100.61 लाख की दी गई । कुल 170 उपभोक्ताओं का विद्युत विच्छेदन किया गया जिसकी राशि 52.25 लाख है । कुल 173 उपभोक्ताओं से 32.78 लाख की वसूली की गई। सघन विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए बकाया विद्युत बिल का भुगतान तुरंत करने की बात कही है। इस संबंध में अधीक्षण यंत्री अमर चौधरी का कहना है कि बिजली बिल भुगतान नहीं करने वाले 173 बकायादारों के कनेक्शन काटे गए है। साथ ही उनसे 33 लाख की वसूली भी की गई है।



### मंडल अध्यक्ष ने फीता काटकर किया क्लस्टर भवन का शुभारंभ

**भैयाथान।** विकासखंड के बजा में धन लक्ष्मी महिला समूह क्लस्टर भवन का विधिवत पूजा-अर्चना कर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने फीता काटकर शुभारंभ किया। शुभारंभ अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने महिलाओं के साथ भवन का अवलोकन किया और इसे ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं की संगठन शक्ति, आत्मनिर्भरता और सामूहिक प्रगति का नया केंद्र बताया। महिला समूहों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह क्लस्टर भवन आगे चलकर प्रशिक्षण, आजीविका संवर्धन और समूहों की गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस दौरान बंजा क्लस्टर के 18 गांवों के महिला स्व-सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## जल जीवन मिशन का दूरस्थ गांव के लोगों को मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

जिले के दूरस्थ उत्तर प्रदेश सीमा से लगे गांव झारा और कुशफर में जल जीवन मिशन ने ग्रामीणों के जीवन में बड़ी राहत पहुंचाई है। वर्षों से पेयजल संकट से जूझ रहे इन क्षेत्रों के सैकड़ों ग्रामीणों को अब घर-घर नल से पानी उपलब्ध हो रहा है। पहले ग्रामीणों को 1 से 2 किलोमीटर दूर जाकर पानी लाना पड़ता था, जिससे महिलाओं और बुजुर्गों को भारी परेशानी होती थी। लेकिन जल जीवन मिशन के तहत गांवों में नल कनेक्शन शुरू होने के बाद लोगों के चेहरों पर खुशी झलक रही है। झारा के कुम्हरपारा में रहने वाले ग्रामीण मानसिंह, शिवकुमार प्रजापति, जलेखा प्रजापति, सुनील प्रजापति सहित अन्य लोगों ने बताया कि हम पहले रोज़ 1 किलोमीटर से अधिक दूर से पानी लाते थे। अब पानी सीधे घर पहुंच रहा है। इससे काफी राहत मिली है। वहीं कुसफर गांव के रामविलास ने बताया कि हम लोग भी 1–2 किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर थे। अब जल जीवन मिशन के कारण घर में ही पानी मिल रहा है, जिससे मुश्किलें खत्म हो गई हैं। जल जीवन मिशन के तहत इन दोनों गांवों में प्रभावित सैकड़ों परिवार अब स्वच्छ पेयजल की सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह सुविधा उनके दैनिक जीवन में बड़ा बदलाव लेकर आई है।



## प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी एसईसीएल अंतर सहक्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को स्थानीय एकता स्टेडियम में किया गया,आयोजन का शुभारंभ क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने ध्वजारोहण कर किया,तत्पश्चात प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट के जरिए मुख्य अतिथि को सलामी दी,प्रतियोगिता में बिश्रामपुर क्षेत्र के विभिन्न सहक्षेत्रों,सेंट्रल हॉस्पिटल सहित कुल 13 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें चार टीम महिलाओं की थी,दिन भर चले प्रतियोगिता के बाद शाम को प्रतियोगिता का समापन हुआ जिसमें प्रथम,द्वितीय, तृतीय स्थान के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया,समापन समारोह के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक संजय सिंह के अतिरिक्त शिवानी महिला समिति की अध्यक्षा अल्पना सिंह,जीएम ऑपरेशन जीके रॉय सहित क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारी, जेसीसी सदस्य, वेलफेयर,सेफ्टी के सदस्य उपस्थित थे,इस दौरान मुख्य अतिथि जीएम डॉ संजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्राथमिक उपचार का मानव जीवन में बड़ा महत्व है, हम सभी को प्राथमिक उपचार की जानकारी होनी चाहिए ताकि जब इसकी आवश्यकता पड़े तो हम किसी की मदद कर सकें,घायल व्यक्ति को अगर समय पर प्राथमिक उपचार मिल जाए तो उसकी जीवन बच सकता है,मुख्य अतिथि ने कहा कि आज के इस आयोजन में चार टीमें महिलाओं की थी जो काफी महत्वपूर्ण बात है यह महिला सशक्तिकरण को दर्शाता है,उन्होंने कहा कि मनुष्य को हर तरह का हुनर आना चाहि,महिला समिति की अध्यक्षा अल्पना सिंह ने कहा कि प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता में महिलाओं की टीम देखकर उन्हें प्रसन्नता हो रही है,उन्होंने कहा कि महिला परिवार चलाना जानती है अब उन्हें जीवन बचाने का भी हुनर बखूबी आ रहा है,कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन एरिया सेफ्टी ऑफिसर केएल भील ने प्रस्तुत किया,प्रतिवेदन एएमओ डॉक्टर यूएस बैठा ने प्रस्तुत कर फर्स्ट एड प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी दी,कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण ने किया।



**इन प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत**
**आरजीके की टीम दो ग्रुपों में रही अव्वल**

प्रतियोगिता में बेस्ट कैप्टन का खिताब प्राइवेट ग्रुप में संचेती कोल माइनिंग कंपनी केतकी के कर्मचारी नमन श्रीवास्तव जबकि बेस्ट मेंबर का खिताब संचेती कोल माइनिंग के कर्मी अरुण प्रजापति को मिला जबकि टीम ए से बिश्रामपुर-आमगांव रनर,आरजीके विनर,अखलेश पटेल कुमदा को बेस्ट मेंबर,नीतीश कुमार आरजीके को बेस्ट कैप्टन,टीम बी से बिश्रामपुर-आमगांव रनर, आरजीके विनर,विक्की कुमार मंडल बेस्ट मेंबर,उमा शंकर बेस्ट कैप्टन,टीम सी से आरडब्लूएस रनर,सेंट्रल हॉस्पिटल विनर,बेस्ट मेंबर रणजीत,बेस्ट कैप्टन इंदु रही,जिन्हें मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने शिल्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया,जबकि बेस्ट स्ट्रेचर ड्रिल टीम ए से आरजीके सब एरिया जबकि टीम बी से कुमदा सब एरिया,टीम सी की महिला टीम एरिया हेड क्वार्टर ने खिताब जीता,ध्वजारोहण व आभार प्रदर्शन के साथ आयोजन संपन्न हुआ,एकदिवसीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए कुमदा सहक्षेत्र की पूरी टीम ने सक्रिय रहकर आयोजन को संपन्न कराया।

### निर्धारित मानकों की अनदेखी, दो लैब को नोटिस

सक्ती। नर्सिंग होम एक्ट टीम ने जैजैपुर क्षेत्र के 4 पैथालिकल संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान 2 संस्थानों में निर्धारित मानको की अनदेखी मामले में उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। ज्ञात हो कि कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में ओआईसी हेल्थ प्रीतेश सिंह राजपुत और जिला नर्सिंग होम एक्ट टीम द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पैथोलॉजी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जैजैपुर विकासखण्ड के चार पैथालॉजी संस्थानो, मा गायत्री पैथोलॉजी, आरोग्य पैथोलॉजी, महामाया पैथोलॉजी, लाईफ केयर पैथोलॉजी तथा एम जे डे क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया गया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## गाइडलाइन में बढ़ोतरी से प्रतापपुर में रजिस्ट्री ठप, कम लोग पहुंच रहे कार्यालय

**प्रतापपुर।** प्रदेश में नई गाइडलाइन लागू होने के बाद जमीन और मकानों की रजिस्ट्री कई गुना महंगी हो गई है। दरों में अचानक 10 गुना तक की बढ़ोतरी होने से रियल एस्टेट से लेकर आम नागरिक और किसानों तक पर सीधा आर्थिक असर पड़ा है।

नई दरों के कारण जमीन खरीदने पर टैक्स व शुल्क काफी बढ़ गए हैं। एक एकड़ जमीन की रजिस्ट्री पर अब बहुत अधिक राशि चुकानी पड़ रही है, जिसके चलते प्रतापपुर रजिस्ट्री कार्यालय में लोगों की आवाजाही काफी कम हो गई है और जमीन खरीद-फरोख्त की प्रक्रिया काफी धीमी हो गई है। कई लोग रजिस्ट्री को फिलहाल टाल रहे हैं। प्रतापपुर क्षेत्र में अभी तक नई गाइडलाइन के खिलाफ कोई औपचारिक विरोध-प्रदर्शन नहीं हुआ है। लेकिन महंगी रजिस्ट्री के कारण लोग स्वयं ही कार्यालय नहीं पहुंच रहे, जिससे रजिस्ट्री कार्य ठप जैसी स्थिति बन गई है। अचानक की गई बढ़ोतरी का असर मध्यम वर्ग, किसानों और छोटे खरीदारों पर सबसे ज्यादा पड़ा है। लोगों का जमीन खरीदना और रजिस्ट्री कराना अत्यधिक महंगा हो गया है, जिससे बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है।



**हेल्थ प्लस**

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक आज

**अम्बिकापुर।** मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.मनीष चौरसिया, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरी शंकर सिंह, गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ.बी.बी. कुमार, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग, मनोरोग, नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट डॉ.निशांत कुमार साहू, ब्रेन एंजियोग्राफी एंड एंजियोप्लास्टी विशेषज्ञ डॉ.सौरभ जैन संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।



online Booking:-www.tripuryatra.com


बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
40 शीटें शेष
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411